राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, बाली

(पीठासीन अधिकारी लोक अदालत/केम्प कोर्ट बाली)

GCMS NO. 2024/433 —:आदेश:— दिनांक 29/10/2024

तहसीलदार बाली ने अपने कार्यालय पत्रांक/भू.अ./2024/2647 दिनांक 15.10.2024 से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कागडी के खसरा नंबर 145/1 रकबा 1.60 हैक्टर की तरमीम अशुद्ध होने से शुद्धि करने बाबत श्रीमान अतिरिक्त जिला कलेक्टर महोदय, बाली को पत्र प्रेषित किया गया था। उक्त प्रार्थना पत्र की जांच पटवारी हल्का धणी द्वारा करवाई गई, पटवारी हल्का धणी की जांच रिपोर्ट अनुसार वर्तमान में खसरा नंबर 145/1 रकबा 1.60 हैक्टर भूमि राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के स्कूल भवन एवं खेल मैदान हेतु दर्ज है। खसरा नंबर 145/1 में जहां भवन बना हुआ है, वह तरमीम सही है, लेकिन खेल मैदान की तरमीम शुद्ध नहीं है। जहां खेल मैदान की तरमीम की हुई है, वहां पर वर्षाकाल में नाडी में पानी का भराव होता है तथा भूमि उबड खाबड है। संलग्न पटवारी हल्का की मौका रिपोर्ट अनुसार लाल स्याही से बताये गये स्थान पर खेल मैदान का उपयोग हो रहा है। अतः संलग्न नजरीय नक्शा अनुसार वर्तमान खेल मैदान की तरमीम निरस्त कर लाल स्याही से बताये गये स्थान पर तरमीम दुरूस्ती के आदेश किये जाने का निवेदन किया। तहसीलदार बाली द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव को स्वीकार करते हुयें राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131, 136 के तहत तरमीम को दुरूस्त कर माफिक रिपोर्ट पटवारी हल्का धणी ग्राम कागडी के खसरा नंबर 145/1 रकबा 1.60 हैक्टर की तरमीम शुद्धि के आदेश दिये जाते है। तहसीलदार बाली व पटवारी हल्का धणी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट व नजरी नक्शा को आदेश का भाग माना जावें। उक्त आदेश से ग्राम कागडी (बाली) के खसरा नंबर 145/1 का मूल रकबा अप्रभावित रहेगा।

न्यायालय उप - खण्ड अधिकारी बाली, जिला - पाली (राज.)

पीठासीन अधिकारी
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी, बाली
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहा. कलक्टर, बाली

क्रमांक/कोर्ट/2024/2220 – 2222 दिनांक 29/10/2024

प्रतिलिपि :—

1. तहसीलदार बाली को भेजकर लेख है कि आदेशानुसार राजस्व रिकॉर्ड में अमल दरामद शीघ्र किया जाकर पालना रिपोर्ट भिजवायें।
2. पटवारी हल्का भीटवाडा को पालनार्थ।
3. प्रार्थी प्रधानाध्यापक, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, कागडी पंचायत समिति बाली को सूचनार्थ।

पीठासीन अधिकारी
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी, बाली
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहा. कलक्टर, बाली

Scanned with CamScanner